# तारा है सारा जमाना

तारा है सारा जमाना,
श्याम हम को भी तारो ।
हम को भी तारो,
श्याम हम को भी तारो...-2

हम ने सुना है,
श्याम मीरा को तारा -2
मीरा का करके बहाना,
श्याम हम भी तारो ।
तारा है सारा जमाना....

हमने सुना है,
श्याम द्रोपदी को तारा -2
साडी का करके बहाना,
श्याम हम को भी तारो ।
तारा है सारा जमाना....

हमने सुना है,
श्याम कुब्जा को तारा -2
चन्दन का करके बहाना,
श्याम हम को भी तारो ।
तारा है सारा जमाना.....

हमने सुना है,
श्याम गणिका को तारा...-2
तोते का करके बहाना,
श्याम हम को भी तारो ।
तारा है सारा जमाना.....

हमने सुना है,
श्याम अर्जुन को तारा -2
गीता का करके बहाना,
श्याम हम को भी तारो ।
तारा है सारा जमाना.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22904/title/tara-hai-sara-zamana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |